पंचकर्म चिकित्सा शिविर आयोजित

भरतपुर, (निसं)। राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध जिला आयुर्वेद परामर्शदाता में निशुल्क शिविर एवं छात्रावासों की वार्षिक श्रृंखला के तहत दो दिव्य पंचकर्म चिकित्सा का नि:शुल्क शिविर कार्यशाला डॉ. यशपाल सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ अभिषेक शर्मा और उपाधीक्षक डॉक्टर चंद्र प्रकाश द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ. राजीव शर्मा ने पंचकर्म चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डिस्क, अर्थराइटिस, सर्वाइकल स्पांडलाइटिस आदि रोगों के उपचार में पंचकर्म चिकित्सा प्रभावकारी चिकित्सा है इसलिए लाभ लाभ को अधिक से अधिक मिलने के लिए पंचकर्म चिकित्सा के प्रति जागरुक करने का प्रयास करने की सलाह दी गई। वे शिविर में आकर समुद्र तट के हालचाल जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हैं। उपाधीक्षक डॉ. चन्द्र प्रकाश द्वारा निर्मित पेशेवरों को डुपट्टा वस्त्र एवं स्मृति चिह्न द्वारा संचालित सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कैंप प्रभारी डॉ. प्रिंस झा ने बताया कि कैंप के पहले दिन 81 समुद्री तट को पंचकर्म सेवा प्रकल्प अभ्यंग, स्वेदन जानू वस्ति, कितिवास्ति स्काईवस्ती, सिरोधारा नाभिवस्ती आदि चिकित्सा की गई। शिविर में डॉ. चंद्रा प्रकाश से डॉ. प्रिंस झा डा. पिंकी चौहान डॉ. रेनू वर्मा डॉ. मोहन रूप शर्मा डॉ. प्रियंक शर्मा आदि मौजूद रहे।

सकारात्मक सोच के साथ योजनाओं का करें क्रियान्वयन : सांसद जाटव

भरतपुर, (निसं)। जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद संजना जाटव की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग, जिला कलक्टर अमित यादव समिति के सभी सदस्यगण, जनप्रतिनिधि एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद ने कहा कि जिले के विकास एवं जनकल्याण के लिए अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर केन्द्र सरकार की योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें। योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को समय पर लाभान्वित करवाने के लिए सभी विभागीय अधिकारी सक्रियता व समन्वय से काम करें। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए शेष रहा कार्य तय समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने एवं आमजन को शुद्ध पेयजल आपूर्ती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जेजेएम योजना के तहत पेयजल पाइपलाइन डालने के बाद क्षितठास्त सडकों की समय पर गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी व ठ्ठामीण क्षेत्र में खराब पडे ट्रांसफार्मरों को समय पर बदलें जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत सप्लाई मिल सके। उन्होंने बैठक में रेलवे विभाग की ओर से किसी भी अधिकारी के उपस्थित नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए नोटिस देने के निर्देश दिए।

सांसद संजना जाटव की अध्यक्षता में जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई।

उन्होंने सासंद स्थानीय क्षेत्रीय विकास योजना, प्रधानमंत्री ठ्ठाम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, पीएम किसान सम्माननिधि, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सहित विभिन्न संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुये समय पर क्रियान्वयन के निर्देश दिये। उन्होंने सभी आंगनबाडी केन्द्रों पर विद्युत व पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वामित्त्व योजना के तहत शेष रहे पात्रजनों को पट्टे वितरित करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अमृत योजना 2.0 के तहत शहर में चल रहे सीवरेज कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्य करने के दौरान श्रमिकों को सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाऐं तथा सीवरेज कार्य को गति देते हुए गुणवत्तापूर्ण समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में सांसद निधि के अन्तर्गत स्वीकृत लम्बित शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने आगामी वर्षाऋतु से पहले पौधारोपण कार्यक्रम की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ लंबित कार्यों को निपटाएं व पात्रजनों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु समयबद्धत्ता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षाऋतु से पहले प्रत्येक ठ्ठाम पंचायत क्षेत्र में पौधारोपण करने हेतु स्थान चिन्हित करें। उन्होंने कहा कि जेजेएम के तहत बोरिंगों की गहराई बढाई जाये साथ ही टंकियों को पाइपलाइनों से जोडकर पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करें। उन्होंने अवैध नल कनेक्शनों को कटवाने अथवा नियमित कराने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने सीएचसी एवं पीएचसी पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने की बात कही। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने अवगत कराया कि वर्षाऋतु में पौधारोपण हेतु सार्वजनिक स्थानों, शैक्षिणक संस्थानों, मनरेगा योजना सहित चिन्हित किया जा

- **विभाग आपसी समन्वय के साथ लंबित कार्यों को निपटाएं : डॉ. गर्ग**

रहा है। उन्होंने बताया कि आमजन की पेयजल की समस्याओं के निस्तारण हेतु कन्ट्रोरूम संचालित किया जा रहा है साथ ही अवैध नल कनेक्शनों को कटवाने की कार्यवाही करते हुए नियमितिकरण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भवनों में आवश्यक कक्षा-कक्षों का सर्वे कर प्रस्ताव लिया जा रहा है। उन्होंने शहर में बजट घोषणाओं के अनुरूप प्रगतिरत विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह ने पीपीटी के माध्यम से विकास कार्यों की जानकारी दी। भरतपुर जिले के सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा केन्द्र प्रायोजित पीएम स्वनिधि योजना, लखपति दीदी योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना, कुसुम योजना सहित संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।इस अवसर पर समिति सदस्य सतीश सोगरवाल, दिनेश सूपा, बबीता शर्मा दयाचंद पचौरी अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय मित्र सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

सार-समाचार

अंबेडकर सम्मान सभा का आयोजन

सूरौठ, (निसं)।भारतीय जनता पार्टी मंडल सूरौठ द्वारा आज डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा का आयोजन सूरौठ में एक निज आवास पर किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करौली भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जी जादौन एवं मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र जी मीणा थे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सूरौठ मंडल अध्यक्ष पिंटू सोलंकी द्वारा की गई कार्यक्रम के संयोजक अमर सिंह मीणा थे। कार्यक्रम की शुरुआत में पहलगाम में हताहत हुई आत्माओं के प्रति दो मिनट का मौन रखा इसके बाद भारत माता, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रपट पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई मंच संचालन महामंत्री देवानंद गुप्ता द्वारा किया गया मंचस्थ अतिथियों का स्वागत पार्टी के दुपट्टा के द्वारा सूरौठ मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया मंचस्थ अतिथियों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र पर बारी-बारी से प्रकाश डाला मुख्य वक्ता महेंद्र जी मीणा ने डॉक्टर अंबेडकर के जन्म से लेकर मरणोपरांत तक के बारे में विस्तार से बताया इस अवसर पर कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा ,जिला कार्यसमिति सदस्य नत्थूसिंह राजावत, महावीर जी के मंडल अध्यक्ष कपिलेश शर्मा, सूरौठ शक्ति केंद्र के संयोजक मुकेश शर्मा, खेड़ी हेवत शक्ति केंद्र संयोजक धर्मवीर सिंह, भुकरावली शक्ति केंद्र के संयोजक रमेश कोली, मंडल महामंत्री केशव देव शर्मा ,विजय सिंह डागुर, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बहादुर सिंह गुर्जर, बूथ अध्यक्ष अशोक सैनी,भोला मीना ,सूरौठ मण्डल आई टी संयोजक उज्जवल पालीवाल, मंगेश गुप्ता, गरीबा जाटव , सतेन्द्र जाटव ,नीरज सरस ,दशरथ बंजारा आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं अनुसूचित समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

गंगापुर सिटी, (निसं)। पंचायत मुख्यालय के निकटवर्ती गांव जलोखरा को आस्ट्रोली ग्राम पंचायत में जोडने का ग्रामीणो ने विरोध किया है। ग्रामीण प्यारेलाल माली, महेश बैरवा, सोहनलाल माली, रमेश माली, मुरारी माली, काडू बंजारा, हरकेश माली, रत्तीराम सैनी, राजेंद्र सैनी ने बताया कि जलोखरा गांव बाढ कला ग्राम पंचायत में आता है। अब पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन प्रक्रिया में जालोखरा गांव को 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत आस्ट्रॉली में जोडने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है। इस प्रस्ताव का सभी ग्राम वासियों ने विरोध किया है। उनका कहना है कि वर्तमान में जलोखरा की ग्राम पंचायत मुख्यालय से महज 1 किलोमीटर की दूरी है और दोनों ही गांव हाईवे पर स्थित है। लेकिन कुछ राजनीतिक दखलंदाजी के कारण इस गांव को दूर वाली ग्राम पंचायत में जोडने के प्रयास हो रहे हैं। इसको लेकर जलोखरा गांव के ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि महेश बैरवा के नेतृत्व में एसडीएम बृजेन्द्र मीना को ज्ञापन दिया और जलोखरा गांव को ग्राम पंचायत बाढकला में ही यथावत रखने का आग्र ह किया गया।

भंडारा में लोगों ने जीमी प्रसादी

सूरौठ, (निसं)। तहसील के गांव नांगल दुर्गसी के हंडिया खाना पुरा व सोमली ग्राम में श्रीलाल कटारा भागवत के यहां कथा के समापन पर शुक्रवार को 350 गांवों का भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर पटेल देवी सिंह गुर्जर की प्रतिमा का समारोह पूर्वक अनावरण किया गया। भंडारे में करौली, भरतपुर,दौसा, धौलपुर एवं सवाई माधोपुर जिलों के गुर्जर बाहुल्य करीब 300 गांवों एवं मध्य प्रदेश प्रांत के भिंड, मुरैना, ग्वालियर इलाके से करीब 50 गांवों के ठ्ठामीणों ने पंगत प्रसादी जीमी। ठ्ठामीणों ने बताया कि नांगल दुर्गसी निवासी बाबूलाल थानेदार, नेहरू लाल, लाखन सिंह, हवलदार दरब सिंह, बने सिंह, भगवान सिंह गुर्जर की ओर से अपने स्वर्गीय पिता पटेल देवी सिंह गुर्जर की पुण्य स्मृति में गांव में 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक भागवत कथा का आयोजन किया गया।कथा के समापन पर शुक्रवार को पटेल देवी सिंह की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम एवं 350 गांवों का भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में गुर्जर समाज के नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। भंडारे में भोजन प्रसादी सुबह 11 बजे शुरू हुई तथा देर रात तक ग्रमीणों ने प्रसादी जीमी।

करणपुर धाम में भरेगा मेला

गंगापुर सिटी, (निसं)।मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति के तत्वाधान में वैशाख सूदी छठ शनिवार 3 मई को गंगापुर सिटी से करणपुर धाम के बसयात्रा दोपहर 1 बजे मां गुमानो बीजासणी मैया के सानिध्य में थोक फल सब्जी मण्डी उदेई मोड से रवाना होगी जो कि शाम 5 बजे करणपुर धाम पहुंचेगी। समिति अध्यक्ष महेश चंद शर्मा, बस यात्रा संयोजक दिनेश बंसल चूडी वाले ने बताया कि बैसाख का बडा महिना होने के कारण करणपुर में मां गुमानो बीजासणी का विशाल मेला भरेगा जिसमें यूपी, एमपी, महाराष्ट्र, राजस्थान के सभीक्षैत्रो से माता रानी के भक्त पहुंच कर मां जगदम्बे के दर्शन कर खुशहाली की कामना करेंगे। महामंत्री गोपाल सोनी बताया कि इस दौरान मां गुमानो यात्री निवास में विशाल भण्डारा व मां भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा।

पहलगांव हमले पर जताया आक्रोश

गंगापुर सिटी, (निसं)। व्यापार मण्डल नई अनाज मण्डी ने जम्मू कश्मीर के पहलगांव पर्यटन स्थल पर आतंकियो द्वारा हमला करने पर 26 भारतीयो की निशृंष हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए एक घंटे केलिए मण्डी में सम्पूर्ण कारोबार बंद रख कर व्यापारियो, पल्लेदारो, दलाल एसोसियेशन एवं मुनीम एसोसियेशन ने मृतको को श्रृद्धांजली देते हुए आतंकी हमले की कडे शब्दो में निंदा की। इस दौरान व्यापारियो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह से पाकिस्तान को कडी से कडी सजा देने की मांग की जिससे किसी की भी भारत की तरफ आंख उठाने की हिम्मत नहीं हो।

निराश्रित जीवों को मिल रहा दाना पानी

गंगापुर सिटी, (निसं)। जीव अनुकंपा संस्थान के तत्वाधान में प्रतिदिन प्रात:काल 7.30 बजे सैकडो भक्त मुक पशु पक्षियों के लिए चारा दाना पानी की व्यवस्था कर सहयोग कर रहे हैं। शुक्रवार को इससे जुडे जीव प्रेमी औद्योगिक रीको क्षेत्र में गाय बंदर में अन्य पशु पक्षियों के लिए उनका भोजन लेकर पहुंचे और हाथों से तरबूज खीरा केला चिडावा मूंगफली दाना आदि वितरण कर प्रकल्प में भागीदारी निभाई।

सार-समाचार

गिरिराज प्रसाद गर्ग ने पदभार संभाला

भरतपुर, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मण्डल मुख्यालय भरतपुर पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त के पद पर गिरिराज प्रसाद गर्ग ने कार्य ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला सचिव राजेंद्र प्रसाद शर्मा, सी. ओ (गाइड) सीमा रिज़वी, सहायक लीडर ट्रेनर यादराम, जगदीश उपमन, प्रताप सिंह, द्वारका प्रसाद शर्मा, पूरनचन्द स्काउटर गाइडर, ट्रेनिंग काउंसलर, रोवर रेंजर उपस्थिति रहे। गर्ग ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर राहुल सैनी, घनश्याम शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई, सचिव विजय प्रताप, रेवेन्यू अधिकारी तेजराम मीणा, संयुक्त निदेशक शिक्षा विनोद धवन, डिस्ट्रिक्ट चीफ कमिश्नर श्रीमती मधु भार्गव, सहा. जिला कमिश्नर दलबीर सिंह, विशाल सिंह चौधरी से स्काउट गाइड गतिविधियों की चर्चा की। श्री गर्ग ने संभाग के सर्किल ऑर्गेनाइजर करौली अनिल कुमार गुप्ता निरमा मीना, धौलपुर गजेंद्र त्यागी, भरतपुर देवेंद्र कुमार मीणा सीमा रिजवी, सवाई माधोपुर दिव्या से वी सी के माध्यम से आगामी गतिविधियों की चर्चा की । इस वर्ष स्काउटिंग गाइडिंग की 75 वर्षगांठ के अंतर्गत 19 वीं राष्ट्रीय डायमंड जुबली स्काउट गाइड जंबूरी 6 से 12 नवंबर 2025 तक लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित होगी । जिसमें प्रदेश के 2500 स्काउट गाइड सहभागिता कर उच्च स्तरीय प्रदर्शन करेंगे। सेमिनार के अंत में सी ओ गाइड सीमा रिजवी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

शहीदों को दी श्रद्धांजलि

भरतपुर, (निसं)। आज भरतपुर, किला स्थित शहीद स्मारक पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरधारी तिवारी की मौजूदगी में पहलगांव नरसंहार में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कौशलेश शर्मा ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए सैलानियों की शहादत मानवता पर क्रूर अत्याचार है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए । उन्होंने शहीदों के लिए विशेष पैकेज की मांग की । श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी एवं श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर, सर्व शक्ति मित्र मण्डल फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नैमीचन्द मुद्गल, सेवानिवृत्त सहायक लेखा अधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, समाजसेवी बृजकिशोर शर्मा, श्री ब्राह्मण सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारी लाल शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक अभियंता इंजी. देवकीनंदन शर्मा, समाजसेवी आनन्द बिहारी शर्मा, सौरभ भारद्वाज, कान्ति स्वरूप सक्सेना, योगेन्द्र सिंह गप्पू, अनुराधा शर्मा, बद्री प्रसाद शर्मा, आर.के.गुप्ता, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर शर्मा, समाजसेवी देवेंद्र मोहन तिवारी, समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद शर्मा जाती, समता आंदोलन समिति के अशोक शर्मा सारस, प्रिंसिपल बाबूलाल कटारा,मदन गोपाल शर्मा सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे ।

हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा रवाना

भरतपुर, (निसं)। सैन महासभा की ओर से संत शिरोमणि श्री सैन महाराज की शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ शिव नगर स्थित सैन छात्रावास से निकाली गई। शोभायात्रा को पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा शहर के मुख्य-मुख्य मार्गों से होती हुई मानसिंह सर्किल पर जाकर सम्पन्न हुई। रास्ते में जगह जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा से पूर्व आयोजित हुये जयन्ती समारोह में डॉ. गर्ग ने संत शिरोमणि श्री सैन महाराज के चित्र पर दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान उन्होंने समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि सैन महाराज ने शिक्षा की अलख जगाई और कत्तर्व्यपथ पर चलने का संदेश देते हुये शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने श्री सैन महाराज की शिक्षाओं और आदर्शों को आत्मसात करने का आव्हान करते हुये कहा कि वह महान संत थे। जिन्होंने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। डॉ. गर्ग ने संत शिरोमणि श्री सैन महाराज के आदर्शों को अपनाने का आव्हान करते हुये कहा कि उनकी शिक्षायें प्रेम, करूणा और सहानुभूति को दर्शाती हैं।प्रारंभ में संत अध्यक्ष भगवान सिंह, उपाध्यक्ष राजा सहनावली, रती राम सैन रामनिवास शास्त्री, कप्तान बहनेरा, मदन अलीपुर, ओमप्रकाश, मानसिंह, डॉ. विजय सिंह, महेश उवार, भगवान सिंह आदि समाज के लोगों ने डॉ. गर्ग का स्वागत किया।

महिला सुरक्षा अभियान शुरू

भरतपुर, (निसं)। स्नोकी फाउंडेशन और जूनाथन लाइटा संस्था के संयुक्त तत्वाधान में जूनायन शहर में महिला सुरक्षा अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत लास असोसिएट्स और गरीब छात्रों में छात्र महिलाओं को सेनेटरी की आपूर्ति की गई है। यह लैपटॉप इन महिलाओं को हर महीने दिए जाएंगे। स्नोकी फाउंडेशन की संस्था हेमलता बैसाखी ने बताया किइस अभियान का मुख्य उद्देश्य घर-घर पहुंचने वाली महिलाओं को अपनी सुरक्षा के बारे में सलाह देना और संक्रमण के दौरान संक्रमण के कारण होने वाली मृत्यु से महिलाओं को बहुत गंभीर रूप से बचाया जाता है। स्नोकी फाउंडेशन ने यह अभियान राजस्थान में चलाया है, इस अभियान की जिम्मेदारी जूना आध्यात्म संस्था को दी गई है, अभी इस अभियान में 100 महिलाओं को शामिल किया गया है। जो भी गरीब महिला जो सैनिटरी बेरोजगार चाहती हो वो रोशनी संस्था से संपर्क कर सकती है। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख कलाकार मीनाक्षी गर्ग, शकुन सोनी, सपना डिगिया, सुनीता स्टार, प्रियंका सिंह, दीपा और पारुल अग्रवाल मौजूद रहे।

हमले में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

भरतपुर, (निसं)। आर्य समाज व्यापार संघ के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुई आतंकी घटना में वीरगति को प्राप्त हुए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की व दो मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि दी गई तथा कहा कि जल्दी से जल्दी न्याय इनको मिलना चाहिए। सचिव दिलीप पाठक ने शान्ति पाठ करवाया।

बीईएसएल ने की पूरी तैयारी

भरतपुर, (निसं)। शहर में गर्मियों में बिजली की आपूर्ति को और बेहतर बनाने के लिए बीईएसएल ने पूरी तैयारी कर ली है। उपभोक्ताओं को इस साल अच्छी गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति मिलती रहे, इसके लिए करीब 9 करोड रूपए का निवेश कर बड़े स्तर पर विद्युत तंत्र को सुदृढ किया गया है। पिछले साल की तुलना में इस बार बिजली की खपत में करीब 8 प्रतिशत बढोतरी होने की संभावना है।

बीएसईएस के सीओओ आकाश सक्सेना ने बताया कि शहर में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति देने और ट्रिपिंग को कम करने के लिए 132 केवी मोतीझील जीएसएस से 33 सेवर केवी फीडर को 33/11 केवी सेवर जीएसएस के लिए स्थापित किया गया है। इस 33 केवी फीडर को 33/11 केवी हीरादास जीएसएस से जोड़ा गया है। इससे हीरादास के आसपास के क्षेत्र में बिजली की विश्वसनीयता और आपूर्ति में सुधार होगा और 33 केवी हीरादास फीडर पर लोड भी कम होगा।33/11 केवी एसपीएम नगर जीएसएस में एक और पावर ट्रांसफॉर्मर लगाया जाएगा। पावर ट्रांसफॉर्मर की वर्तमान क्षमता 5 एमवीए है, और इसे 8 एमवीए तक बढ़ाया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप एसपीएम नगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की उपलब्धता भी बढ़ जाएगी।

पहलगाम में हुए हमले का विरोध, श्रद्धांजलि दी

गंगापुर सिटी, (निसं)। भाजपा युवा मोर्चा के युवा नेता नागेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का विरोध करते हुए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बालाजी चौक स्थित मंदिर प्रांगण में किया गया जिसमें कई युवा कार्यकर्ता एवं शहर के गणमान्य लोग मोजूद थे।

इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के युवा नेता नागेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार 22 अप्रैल को विधर्मी आतंकवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछ कर लगभग 28 हिंदू पर्यटकों एवं विदेशी नागरिकों की नृशंस हत्या की उससे पूरे भारतवर्ष के आमजन में बेहद रोष व्याप्त हो गया है। पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैय्यबा के फ्रंटल संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) कि यह हरकत स्पष्ट करती है कि पाकिस्तान विश्व में शांति नहीं चाहता है। भारत के प्रति पाकिस्तान की सोच सदैव दूषित रही है। लेकिन अब पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने का समय आ गया है एवं निश्चित ही नए भारत द्वारा पाकिस्तान को उसका उचित जवाब दिया जाएगा। इस दौरान बजरंग दल के युवा कार्यकर्ता अवधेश राणा

पहलगांव हमले में मृतकों को श्रृद्धांजलि देते युवा मोर्चा के कार्यकर्ता।

द्वारा भारत माता कि जय व वन्दे मातरम जैसे जोशीले नारेबाजी कि जिससे समूचे नगर का वातावरण देशभक्ति हो गया। समस्त युवा शक्ति द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि पाकिस्तान को जल्द से जल्द करारा जवाब दिया जावे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाक्रम की पुनरावृत्ति ना हो। इस दौरान श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के पीटीआई प्रदीप आर्य ने भी आक्रोश जताते हुए अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि एक धर्म विशेष के व्यक्तियों ने धर्म पूछ कर जो निर्मम हत्या की है वह सामाजिक दृष्टिकोण से बहुत ही निंदनीय और शर्मनाक बिंदु है। उन्होंने अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी से आतंकवादियों के खिलाफ कडी से कडी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष नागेश कुमार शर्मा, चैतन्य टेक्नो स्कूल के पीटीआई प्रदीप आर्य, अवधेश राणा पवन राजपूत, मनीष चौहान, आभूषण शर्मा, अनिल मित्तल, जय सोनी, विन्यास मंगल, अवधेश बंसल सहित सैंकडो कि तादाद में सर्व समाज युवा शक्ति व आमजन उपस्थित रहे।

नीलेश गोयल किया स्वागत

हिण्डौन सिटी, (निसं)। शिव कॉलोनी स्थित नंदेश्वर महादेव मंदिर पर नीलेश गोयल के में 77 वी रैंक लाकर चयन होने पर पूर्व पार्षद गोपेन्द्र पावटा ने स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर जवाहर लवानिया ने कहा कि निश्चित रूप से शहर के लिए के यह बड़ी उपलब्धि है,पूर्व पार्षद गोपेन्द्र पावटा ने बताया कि नीलेश गोयल के यूपीएससी में 77 वी रैंक हासिल करने पर कॉलोनी वासियों द्वारा उनका व उनके माता पिता का स्वागत किया। नीलेश की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा है इस दौरान नीलेश ने कॉलोनीवासियों से अनुभव साझा किए।

सैनी बने सदस्य

भरतपुर, (निसं)। पक्का बाग निवासी पार्षद रामेश्वर सैनी को अलवर बीएसएनल कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है। अलवर दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य बनाए जाने पर रामेश्वर सैनी ने पूर्व सीएम गहलोत आदि का आभार व्यक्त किया है।

'मरीजों को सुलभ चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध हो, टोकन सिस्टम अपनाएं'

भरतपुर, (निसं)। राजस्थान मैडिकेयर रिलीफ सोसाइटी की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विधायक डॉ. सुभाष गर्ग मौजूद रहे।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने जनाना चिकित्सालय का टोटल स्टेशन सर्वे कार्य एवं पट्टा मानचित्र में प्रगति लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नि:शुल्क जांच योजना के तहत पूर्व में जारी दरों की निविदा अवधि बढाई गई थी, नवीन निविदा जारी करने एवं चिकित्सालय में कम्प्यूटर, प्रिंटर इत्यादि उपकरणों की मरम्मत हेतु निविदा प्रक्रिया में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सानिवि के सहायक अभियन्ता को निर्देशित किया कि पीएचईडी के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर मैन रोड की मरम्मत एवं ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त करते हुए समस्या का निस्तारण करें।बैठक में डॉ. गर्ग ने कहा कि मरीजों को समय पर सुलभ चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध हो सकें इसके लिए टोकन सिस्टम अपनाया जाये। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय के विस्तार एवं सौन्दर्यीकरण के तहत परिसर में ड्रेनेज सिस्टम को ध्यान में रखते हुए खाली पडी जगहों पर गुणवत्तायुक्त इंटरलॉकिंग टाइल लगाई जाये। आरबीएम एवं जनाना चिकित्सालय में वाहन पार्किंग स्थलों पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने की सहमति बनी। दोनों अस्पतालों में साफ-सफाई की व्यवस्था को सुदृढ बनाया जाये साथ ही भवन व परिसर को

राजस्थान मैडिकेयर रिलीफ सोसाइटी की बैठक आयोजित हुई।

स्वच्छ रखने के लिए आमजन को जागरूक करें, नियमों का उलंघन करने पर नियमानुसार कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सक एवं कार्मिक चिकित्सालय में निर्धारित यूनिफार्म में आयें। उन्होंने कहा कि मैडीकल कॉलेज के विभिन्न संवर्गों के लिए आवश्यक कार्मिकों की कमी की पूर्ति हेतु राजमेस, चिकित्सा शिक्षा, निदेशालय को पत्र प्रेषित किया जाये। उन्होंने चिकित्सालय के लिए आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की गुणवत्ता की परख हेतु टीम गठित करने का सुझाव दिया। बैठक में आरबीएम चिकित्सालय के शव वाहन से पार्किंग चार्ज वसूल किये जाने पर गत वर्ष की दरों पर 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी जिसको निरस्त करने पर सहमति बनी। चिकित्सालय के विभिन्न विभागों के अधीन संचालित एसी, फ्रिज, आरओ इत्यादि उपकरणों की मरम्मत रेट दर पर करवाये जाने की सहमति बनी। बैठक में मैडीकल कॉलेज प्रशासन के माध्यम से 250 बेड सुपरस्पेशिलिटी चिकित्सालय विंग के लिए 50 सुरक्षाकर्मी, 10 एग्ज्यूकेटिव असिस्टेंट, 1-1 कनिष्ठ अभियन्ता बायो, सिविल और विद्युत उपलब्ध करवाने का अनुमोदन किया गया। 250 बेड सुपरस्पेशिलिटी चिकित्सालय विंग की साफ-सफाई व्यवस्था रखने के लिए संवेदक की जिम्मेदारी तय करने एवं रेस्को के माध्यम से 25 सुरक्षागार्ड लगाने पर सहमति बनी। लू-तापघात को मद्देनजर रखते हुए 42 कूलर एवं 50 पंखे क्रय करने पर सहमति बनी। अस्पताल परिसर में चिन्हित स्थानों पर छायादार पौधे लगाने की सहमति बनी।

बैठक में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. नगेन्द्र सिंह भदौरिया, पीएचईडी एक्सईएन केशव, डॉ. मुकेश गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत काशीपुरा, पंचायत समिति करौली, जिला करौली

क्रमां